संशोधित पर्सपैक्टिव कार्ययोजना एवं बजट

वर्ष 2000– 2005

जनपद – पिथौरागढ़

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी. III)
पिथौरागढ़ (उत्तरॉचल)

अनुक्रमणिका

अध्याय	शीर्षक	पृष्ठ संख्या
1.	सामान्य परिचय	01-05
2.	परियोजना की अद्यतन प्रगति	06-15
3.	संशोधित कार्ययोजना एवं बजट	16-34
4.	बजट तालिका	35-41

अध्याय– 1
सामान्य परिचय

जिला प्राथामिक शिक्षा कार्यक्रम, प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण की दिशा में एक अनूठा प्रयास तथा अपने ढंग का एक नवाचारी कार्यकम है। यह कार्यकम विविध किया–कलापोंका समिश्रण है। साथ ही स्थानीय स्तर की आवश्यकता एवं जनसहभागिता को आधार मानकर इस कार्यकम की तैयार किया गया है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम यद्यपि एक नवाचारी तथा बहुआयामी कार्यकम है। लेकिन यह अन्तिम नहीं है, बल्कि इसके कियान्वयन के अनुभवों के आधार पर इसमें आवश्यक परिवर्तन/ संशोधन संभव हैं। डी.पी.ई.पी. के निम्नलिखित मुख्य कार्यक्षेत्र हैं, जो परस्पर सहःसम्बन्धित हैं–

1. राष्ट्रीय– राज्य– जनपद– ब्लाक– न्याय पंचायत तथा ग्राम स्तर पर विभिन्न संस्थाओं को बढ़ावा देना और उन्हें स्थापित कराना। जिससे कि शोध कार्य, प्रशिक्षण तथा शिक्षण कार्य के अनुश्रवण/ निरीक्षण के लिए सुव्यवस्थित आधारभूत सुविधाओं का विकास हो सके।
2. ग्राम शिक्षा समिति तथा माता शिक्षक संघ जैसी संस्थाओं के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए सामुदायिक सहयोग जुटाना साथ ही समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए अभियान चलाना; सूक्ष्म नियोजन तथा ग्राम शिक्षा समितियों, माता शिक्षक संघों के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करना।
3. विद्यालयों में बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन तथा उनका स्कूल में ठहराव सुनिश्चित करके पढ़ाई का स्तर सुधार कर तथा बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाकर स्कूलों की सार्थकता को सिद्ध करना।
4. जिन बच्चों तक प्राथमिक शिक्षा की औपचारिक सुविधाओं का लाभ नही पहुंच रहा है उन बच्चों तक वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा मुहय्या कराना।
5. ई.सी.सी.ई., प्राथमिक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मसलों को एक दूसरे का परिपूरक बनाना।
6. बालिकाओं, अनुसूचित जाति/ जनजाति को लक्ष्य कर योजना बनाना तथा इनका कियान्वयन करना।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम को प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय प्रायोजित कार्यकम के रूप में स्वीकृत किया गया है। जनपद पिथौरागढ़ अप्रैल 2000 से जिला प्राथामिक शिक्षा कार्यकम III के अन्तर्गत चयन किया गया है।

डी.पी.ई.पी. के प्रमुख लक्ष्य–

1. बालक/ बालिका को विभिन्न सामाजिक वर्गो में स्कूलों में भर्ती/ स्वनिष्कासन तथा ज्ञान प्राप्ति के अन्तर को कम कर 5 प्रतिशत-लाना।

2. प्राइमरी स्तर के सभी विद्यार्थियों की स्वनिष्कासन दर को घटाकर 10 प्रतिशत से कम पर लाना।

3. शैक्षिक सम्प्राप्ति के स्तर को निर्धारित आधार रेखा से कम से कम 25 प्रतिशत तक ऊपर उठाना साथ ही आधारभूत साक्षरता व गणितीय क्षमता को प्राप्त करना। तथा अन्य क्षमताओं में कम से कम 40 प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य सभी प्राइमरी विद्यालयों द्वारा सुनिश्चित करना।

4. राष्ट्रीय मानदण्डों के अन्तर्गत सभी बच्चों की पहुँच प्राइमरी शिक्षा (कक्षा प्रथम से पाचवीं) तक सुनिश्चित करना।

5. जहां प्राइमरी शिक्षा संभव न हो वहां उनके समकक्ष वैकल्पिक शिक्षा मुहय्या कराना।

डी.पी.ई.पी. द्वारा राष्ट्रीय/ राज्य एवं जिला स्तर की संस्थाओं व संगठनों की कार्यक्षमता को भी मजबूती देना। जिसके द्वारा उन्हें योजना बनाने, प्रबन्धन तथा प्राइमरी शिक्षा के मूल्यांकन में सहायता मिलेगी।

पिथौरागढ़ जनपद में प्राथमिक शिक्षा के लक्ष्य एवं उद्देश्य–

भूमिका–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (संशोधित 1992) के उद्देश्य "प्राथमिक शिक्षा का सार्वजनीकरण कर इसे सर्वजन सुलभ बनाया जाय"। यह कार्य जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया। डी.पी.ई.पी. में निम्न मुख्य बातों पर बल दिया गया है:

1) कार्य नीतियां विकसित करते हुए स्थानीय आवश्यताओं के अनुसार प्रासांगिक हो तथा कार्य योजना सूक्ष्म नियोजन के आधार पर नीचे से ऊपर की ओर तैयार की जाय, यथा ग्राम– स्तर, क्षेत्र– स्तर तथा जिला स्तर।

2) कार्य योजना को तैयार करते समय बालिका व सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग को ध्यान में रखकर इनको लाभान्वित करने हेतु कार्य नीतियों का समावेश किया जायेगा।

3) कार्य योजना प्रासांगिक व दीर्घ कालिकता को ध्यान में रखकर तैयार की जायेगी। तथा इसमें परिवर्तन/ परिवर्धन की व्यवस्था रहेगी।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम के लक्ष्य एवं उद्देश्य–

डी.पी.ई.पी. के लक्ष्य एवं उद्देश्य निम्नवत हैं–

1) सार्वभौम पहुँच एवं सार्वभौम नामांकन।

2) सार्वभौम ठहराव, इसके लिए वर्तमान ह्रास के प्रतिशत को घटाकर केवल 0.5 प्रतिशत तक लाना।

3) शिक्षा की गुववत्ता में सुधार, नामांकन, धारण, ह्रास– अवरोध व अधिगम उपलब्धियों में बालिका, अनुसूचित जाति, जनजाति व अपवंचित वर्ग एवं सामान्य वर्ग के बीच विद्यमान अन्तर को घटाकर 5 प्रतिशत तक लाना।

4) शिक्षा से जुड़े अभिकर्मियों में दक्षता/ क्षमता का विकास करना।

जनपद पिथौरागढ़ के परिपेक्ष्य में डी.पी.ई.पी. के लक्ष्य तथा उद्देश्य–

जिला प्राथमिक शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों को जनपद की प्राथमिक शिक्षा की वर्तमान स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए पुनः वर्गीकृत किया गया है। इस हेतु निर्धारित लक्ष्यों में जनपद में सूक्ष्म नियोजन एवं मानचित्रण के पश्चात संशोधन आवश्कतानुसार किया जाता रहेगा। आकड़ों के विश्लेषण विभिन्न स्तरों पर आयोजित गोष्ठियों से प्राप्त सुझावों तथा वर्तमान शैक्षिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिले में डी.पी.ई.पी. के अन्तर्गत निम्नवत् लक्ष्य निर्धारित किये जा रहे है।

पहुंच–

वर्ष 1999– 2000 तक जनपद की 344 वस्तियां शिक्षा सुविधा से वंचित थीं। जनपद का जी.ए.आर. 84 प्रतिशत था। डी.पी.ई.पी योजनान्तर्गत 38 नवीन प्राथमिक विद्यालय तथा 128 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। डी.पी.ई.पी. लागू होने से अब तक जी.ए.आर. 93.65 पहुंच गया है। अब मात्र 186 असेवित, छितरी– बिखरी आबादी के तोक, मजरे परिवार जहां की जनसंख्या अत्यन्त न्यून होने से 6:11 वय वर्ग के 2–3 बच्चे उपलब्ध हो पा रहे हैं, ऐसी बस्तियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। एवं आवश्यता पड़ने पर छोटे– छोटे कैम्प आयोजित किये जायेगे।

नामांकन तथा ठहराव–

6– 11 वय वर्ग के सभी बच्चों तक स्कूली सुविधा उपलब्ध कराने के पश्चात यह अपेक्षा की जाती है कि बच्चों के विद्यालय के नामांकन में परियोजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृद्धि होगी। परियोजना के अन्तर्गत यह लक्ष्य रखा गया है। सन् 2004 में छात्रों का शुद्ध नामांकन लगभग 64658 होगा, जिसमें अनुसूचित जाति के 17750 तथा जनजाति के 1611 छात्र– छात्राएं होंगी इस प्रकार 2004 तक प्रवेश दर 100 प्रतिशत होगी तथा सकल नामांकन (जी.ई.आर.) का प्रतिशत 105.9 हो जायेगा।

वर्षवार परियोजना अवधि हेतु नामांकन का आंगणित अनुमानित लक्ष्य

वर्ष	नामांकन			जी.ई.आर.
	बालक	बालिका	योग	प्रतिशत
2001– 02	33871	33088	66949	109.4
2002– 03	34389	33572	67961	707.91
2003– 04	34029	34349	68378	106.3
2004– 05	34292	34189	68481	105.91

यह अपेक्षा की जाती है पर्याप्त शैक्षिक सुविधाओं को उपलब्ध कराने के पश्चात ड्राप आउट दर कम होगी तथा धारण क्षमता बढ़ेगी तथा परियोजना अवधि में ठहराव की दर 90– 95 प्रतिशत तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। बालिकाओं अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों के ठहराव का प्रतिशत भी उक्ताकिंत अनुपात में रहेगा।

गुणवत्ता सुधार–

परियोजना अवधि में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु विभिन्न कार्यनीतियों, कार्यक्रमों जिसमें भौतिक तथा शैक्षिक संसाधनों की वृद्धि के साथ– साथ विभिन्न स्तरों कार्यरत शिक्षा कर्मियों के लिए सघन प्रशिक्षण का प्राविधान किया गया है। वर्ष 2003– 04 में समस्त छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गयी, विद्यालय अनुदान हेतु रू. 02 हजार प्रति विद्यालय तथा शिक्षक अनुदान के रूप में रू. 500 प्रति अध्यापक उपलब्ध कराया गया। उक्त के अतिरिक्त डी.आर.जी.; बी.आर.जी.; वी.ई.सी. की बैठकों तथा प्रशिक्षणों का भी आयोजन किया गया। आगन बाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षा मित्रों अनुदेशकों, तथा आचार्य जी के प्रशिक्षण भी आयोजित किये गये। अतः यह समझा जाता है कि इस प्रभावी प्रशिक्षण कार्यकमों के कियान्वयन के फलस्वरूप शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित वृद्धि होगी तथा प्रत्येक बच्चा प्राथमिक शिक्षा के न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त करेगा। भाषा तथा गणित में वर्तमान सम्प्राप्ति के स्तर में 25 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

दक्षता विकास–

गुणवत्ता संवर्धन के प्रयासों हेतु संस्थाओं की दक्षता का विकास एक आवश्यक शर्त है। इस कम में वर्ष 2002– 03 में डायट सहित बी.आर.सी., एन.पी.आर.सी. के विविध प्रशिक्षणों के आयोजन किये गये। जैसे आधार भूत प्रशिक्षण, टी.ओ.टी. (साधन) प्रशिक्षण इसके अतिरिक्त ग्राम शिक्षा समितियों को प्रशिक्षण द्वारा ग्राम शिक्षा योजना एवं सूक्ष्म नियोजन हेतु तत्परता प्रदान करने के प्रयास किये गये। वर्ष 2003– 04 में ममता प्रशिक्षण तथा वी.ई.सी./ एस.एम.सी. प्रशिक्षण द्वारा ग्राम शिक्षा समितियों तथा माताओं को जागरूक किया गया। इसी कम में समेकित शिक्षा हेतु विकास खण्डों का चयन किया गया। तथा ऐसे बच्चों

की पहचान की गयी। उक्त के अतिरिक्त जिला सूचना प्रणाली (एम.आई.एस.) का प्रशिक्षण तथा प्रपत्रों द्वारा जनपद की सूचनाओं का संकलन किया गया। डी.पी.ई.पी. अभिकर्मियों द्वारा समय– समय पर विद्यालय भ्रमण, अवलोकन, कोटिकरण तथा अनुसमर्थन आदि किया गया।

संस्थाओं का सुदृढ़ीकरण–

डी.पी.ई.पी. परियोजना लागू होने से पूर्व जनपद स्तर पर प्रशिक्षण संस्था डायट के अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण संस्थाओं का अभाव था। इस हेतु परियोजना में विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड संसाधन केन्द्रों तथा न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों की स्थापना की गयी। इन संसाधन केन्द्रों हेतु भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों का भौगोलिक क्षेत्रफल बहुत होने के कारण जनपद में 36 संकुल संसाधन केन्द्र भी सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित किये गये हैं, जिनका निर्माण कार्य सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

अध्याय– 2
परियोजना की अद्यतन प्रगति

ए. पहुंच–

ए1. अतिरिक्त कक्षा कक्ष–

जनपद में संचालित 1069 विद्यालयों में से 160 प्राथमिक विद्यालयों में स्थान कम होने के कारण प्रत्यक्ष– अप्रत्यक्ष रूप से छात्र नामांकन प्रभावित हो रहा है। इन विद्यालयों में से प्रत्यक्ष रूप से नामांकन प्रभावित होने वाले 59 विद्यालयों में डी.पी.ई.पी. में अतिरिक्त कक्षा– कक्षों का निर्माण किया गया है। शेष 101 विद्यालयों के अतिरिक्त कक्षा– कक्ष अन्य मदों (राज्य सरकार) द्वारा बनाया जाना प्रस्तावित है। सम्पूर्ण परियोजना अवधि में प्रस्तावित 59 अतिरिक्त कक्षा– कक्ष का निर्माण-कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

ए2. नवीन प्राथमिक विद्यालय निर्माण–

जनपद के असेवित बस्तियों में पहुंच उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के मानकानुसार परियोजना अवधि में कुल 38 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की गयी है।

ए3. नवीन प्राथमिक विद्यालय हेतु पैरा टीचर्स की व्यवस्था–

गत वर्ष तक स्थापित 38 नवीन प्राथमिक विद्यालय हेतु 76 पैराटीचरों एवं धारण सुनिश्ति करने हेतु 67 पैराटीचरों कुल 143 पैराटीचरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।

ए4. वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र–

जनपद की जिन असेवित बस्तियों में राज्य सरकार के मानकानुसार नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना संभव नहीं थी इन छितरी बस्तियों में प्राथमिक शिक्षा की पहुंच सुलभ कराने हेतु 114 ई.जी.एस. तथा 19 ए.एस. केन्द्रों की स्थापना के लक्ष्य के विपरीत 109 ई.जी.एस. तथा 18 ए.एस. केन्द्रों की स्थापना की गयी।

1. आचार्य जी/ अनुदेशक का मानदेय–

तृतीय वर्ष तक संचालित उक्त 109 ई.जी.एस. एवं 18 ए.एस. केन्द्रों हेतु आचार्य/ अनुदेशक का चयन पूर्ण कर केन्द्रों का संचालन आरम्भ कर दिया गया है। एवं सम्बन्धित का मानदेय ग्राम शिक्षा समिति के खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया है।

2. वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों हेतु साज– सज्जा एवं पाठ्य पुस्तकें–

उक्तवत संचालित 109 ई.जी.एस. एवं 18 ए.एस. केन्द्रों में वर्षवार प्रति केन्द्र रू. 2350 की दर से धनराशि ग्राम की पंचायत की शिक्षा समिति के खाते में हस्तानान्तरित करने के उपरान्त निर्धारित साज– सज्जा ग्राम शिक्षा समिति द्वारा क्रय कर ली गयी है, एवं इन केन्द्रों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करा दी गयी हैं।

3. अचार्य जी/ अनुदेशकों का प्रशिक्षण–

संचालित समस्त ई.जी.एस./ ए.एस. केन्द्रों के अनुदेशकों/ आचार्य जी का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।

पहुंच की अद्यतन प्रगति को एक दृष्टि में निम्न प्रकार प्रदर्शित किया जा सकता है–

श्रेणी	कियाकलाप	परियोजना लक्ष्य	2000– 01 का लक्ष्य	01– 02 का लक्ष्य	02–03 का लक्ष्य	03– 04 का लक्ष्य	कुल उपलब्धि
ए1	अतिरिक्त कक्षा– कक्ष	59	20	–	39	–	59
ए2	नये प्राथमिक						
1	विद्यालय निर्माण	38	18	–	10	10	38
2	पैराटीचर्स	76	36	–	20	20	76
ए3	अतिरिक्त पैराटी.	–	67	–	–	–	67
ए4	वैक. शिक्षा केन्द्र	139	42	55	20	16	133

आर. ठहराव–

प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण हेतु शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय की सहभागिता अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। परियोजना के सफल संचालन हेतु समुदाय में जागरूकता एवं गतिशीलता विकसित करने हेतु रैलियों, बैठकों, कार्यशालाओं, मेलों का आयोजन यथा प्रस्तावित, सम्पन्न कराया गया। वर्ष 2003– 04 में भी नामांकन वृद्धि हेतु स्कूल चलों अभियान राज्य सरकारएवं डी.पी. ई.पी. के सम्मिलित प्रयास से चलाया गया, जिसकी उपलब्धि संतोषजनक रही है।

आर4. ध्वस्त भवनों का पुर्नर्निमाण–

जनपद हेतु परियोजना अवधि में प्रस्तावित 55 ध्वस्त भवनों में से 30 का पुर्नर्निमाण प्रथम वर्ष में तथा 25 भवनों का द्वितीय व तृतीय वर्ष में कर लिया गया है।

आर 5. शौचालय–

जनपद हेतु प्रस्तावित 600 शौचालयों में 300 शौचालयों का निर्माण कार्य प्रथम वर्ष में पूर्ण कर लिया गया है। शेष 300 शौचालयों का निर्माण कार्य द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में कराया गया।

आर6. पेयजल–

जनपद हेतु परियोजना अवधि में 250 विद्यालयों में पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

आर7. विद्यालय लघु मरम्मत–

जनपद में मरम्मत योग्य 60 विद्यालयों का मरम्मत कार्य प्रस्तावित किया गया था। जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

आर 8. बालिका शिक्षा–

जनपद के विभिन्न शैक्षणिक आंकड़ों का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि बालकों की तुलना में बालिकाओं का नामांकन, ठहराव तथा गुणवत्ता स्तर निम्न है। इस जेण्डर अन्तराल को कम करना डी.पी.ई.पी. का प्रमुख उद्देश्य है। इसलिए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए इससे सम्बन्धित अनेक कार्यक्रम डी.पी.ई.पी. योजना के अन्तर्गत संचालित किये गये हैं।

1. बालिका शिक्षा प्रोत्साहन हेतु प्रचार प्रसार–

डी.पी.ई.पी. परियोजना प्रारम्भ होने के पश्चात प्रत्येक वर्ष जनपद, ब्लाक, न्याय पंचायत, ग्राम पंचायत तथा विद्यालय स्तर पर पर स्कूल चलो अभियान, रैलियों, बैठकों तथा घर– घर सम्पर्क कर समुदाय को बालिका शिक्षा के महत्व को बताते हुए बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न स्तरों में आयोजित बैठकों में लिंग– संवेदीकरण सम्बन्धी चर्चाएं भी की जाती हैं।

2. बालिकाओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण–

डी.पी.ई.पी. योजनान्तर्गत कक्षा 1 से 5 तक समस्त बालिकाओं एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के बालकों को निःशुल्क पाठ्पुस्तकें वितरित की जा रही हैं। जिससे बालिकाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के बच्चों के नामांकन, ठहराव तथा गुणवत्ता पर अनुकुल प्रभाव पड़ रहा है।

3. शौचालय पेयजल तथा अतिरिक्त कक्षा– कक्षों का निर्माण–

बालिकाओं के ठहराव को बढ़ाने के लिए विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। विशेष रूप से उन विद्यालयों में शौचालय, पेयजल तथा अतिरिक्त कक्षा– कक्षों का निर्माण किया जा रहा है जहां इनके अभाव में बालिकाओं का ठहराव प्रभावित हो रहा है।

4. नवीन विद्यालयों/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना–

डी.पी.ई.पी. के अन्तर्गत ऐसी असेवित बस्तियां जहां की बालिकाएं विद्यालयी सुविधा न होने के कारण घर से दूर विद्यालय नही जा रही हैं वरियताकम में उन असेवित बस्तियों में नवीन विद्यालय/वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की गयी है।

5. एम. सी. डी. ए.–

शैक्षिक रूप से पिछड़ी, न्यून महिला साक्षरता दर तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य न्याय पंचायतों की बालिका शिक्षा को आदर्श रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जनपद की 15 न्याय पंचायतों को माडल कलस्टर के रूप में चयनित किया गया। इन माडल कलस्टरों में विकास खण्ड मुनस्यारी की 4, धारचूला की 2, गंगोली-हाट की 2, डीडीहाट की 2, बेरीनाग की 2, कनालीछीना की 1, मूनाकोट की 1 तथा विणकी 1 न्याय पंचायत को चयनित किया गया है। चयनित सभी माडल कलस्टरों में

बालिकाओं के विद्यालय में शत– प्रतिशत नामांकन, ठहराव एवं गुणवत्ता संम्बर्द्धन हेतु समन्वित रूप से अनेकानेक कार्यकम आयोजित किये गये जो निम्न प्रकार हैं।

5.1 माता शिक्षक एवं महिला प्रेरक संघों का गठन–

जनपद के चयनित 15 माडल कलस्टरों में प्रत्येक विद्यालय में माता शिक्षक संघ तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में महिला प्रेरक संघों का गठन एवं प्रशिक्षण वर्ष 2000–01 से 2001– 02 में किया गया। इन दोनों संगठनों को एक ही संगठन के रूप में गठित कर ते हुए वर्ष 2002– 03 में इसका नाम ममता समूह (माता शिक्षक एवं प्रेरक समूह) देते हुए पुनः इनके कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दिये जाने हेतु वर्ष 2003– 04 में ममता समूह के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक ममता समूह के सदस्यों की संख्या 20– 25 है। जनपद के 15 माडल कलस्टरों में 318 विद्यालयों में ममता समूहों का गठन किया गया है। माडल कलस्टरों में बच्चों के विद्यालय में नामांकन व ठहराव के लिए समुदाय में गतिशीलता उत्पन्न करने, नियमित उपस्थिति से सम्बन्धित कठिनाईयों को दूर करने, विद्यालय में जाति एवं जेण्डर आधारित भेद भाव दूर करने, विद्यालयी कार्यकमों के आयोजन में सहायता करने तथा समुदाय को विद्यालय के निकट लाने के लिए ममता समूहों को प्रशिक्षित कर विद्यालयों में नियमित मासिक बैठकों द्वारा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु प्रयास किया गया।

5.2. मीना कैम्पेन/नुक्कड़ नाटक–

बालिकाओं का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए समुदाय को प्रेरित करने, समुदाय को विद्यालय संचालन में भागीदार बनाने तथा दोनों के बीच पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करने के उद्देश्य से माडल कलस्टरों की सभी ग्राम पंचायतों में मीना कम्पैन तथा भारत ज्ञान विज्ञान समिति के कला जत्थों द्वारा नुक्कड़ नाटकों, गीतों अभिनय व बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने वाले प्रेरणास्पद प्रवचनों का आयोजन किया गया। कुल 47 मीना कम्पैनों तथा 150 नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया।

5.3. माँ–बेटी मेला–

माडल कलस्टरों में बालिका शिक्षा के प्रति जागरूकता, लिंग संवेदीकरण तथा महिलाओं में नेतृत्व भाव विकसित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माडल कलस्टर में माँ बेटी मेले का आयोजन किया गया। इन मेलों के द्वारा जहां एक ओर माताओं को बालिकाओं की शिक्षा के प्रति जागरूक तथा संवेदनशील करने हेतु प्रयास किया गया। वहीं दूसरी ओर महिलाओं को संगठित कर उनमें नेतृत्व विकसित करने की क्षमता का विकास किया गया।

5.4. न्याय पंचायत स्तरीय वी.ई.सी. कार्यशाला–

जहां एक ओर जनपद की सभी ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों को प्रशिक्षण के दौरान बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से लिंग अभिमुखीकरण किया गया वहीं दूसरी ओर माडल कलस्टरों के सभी वी.ई.सी. सदस्यों में बालिकाओं के अर्थ पूर्ण नामांकन के लिए वातावरण सृजन करने के उद्देश्य से वी.ई.सी. के सदस्यों प्रमुखतः महिला सदस्यों को ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों के कार्य एवं दायित्वों की जानकारी तथा न्याय पंचायत/ग्राम पंचायत में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किये जाने में सदस्यों की भूमिका निर्धारित करने के उद्देश्य से सभी माडल कलस्टरों में वी.ई.सी. कार्यशालाओं का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

5.5. बाल मेला–

विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं को तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय में आयोजित शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर किया कलापों की जानकारी दिये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक माडल कलस्टर में बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से एक ओर विद्यालय न जाने वाली बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं आकर्षित करने का प्रयास किया जाता है, वहीं दूसरी ओर विद्यालय जाने वाली बालिकाओं तथा उनकी माताओं को विद्यालयी गतिविधियों में और अधिक सकिय सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किये जाने का प्रयास किया किया जा रहा है।

6. जेण्डर संवेदीकरण कार्यकम–

ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों, जिला संदर्भ समूह, ब्लाक संदर्भ समूहों, समन्वयकों डायट अभिकर्मियों तथा शिक्षक– शिक्षिकाओं का जेण्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण आयोजित कर जेण्डर संवेदीकरण हेतु प्रयास किये गये हैं।

7. ई. सी. सी. ई. केन्द्र–

3– 6 वय वर्ग के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय के लिए तैयार करने तथा उनकी देखभाल के उद्देश्य से जनपद के 6 विकास खण्डों में 411 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। ये आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक शिक्षा की पूर्व तैयारी कराने के साथ– साथ छोटे बच्चों की देखभाल को व्यवस्था भी करते हैं जिससे छोटे बच्चों की देखभाल में संलग्न बालिकाएं विद्यालय में प्रवेश ले सकें। बालिका शिक्षा सबलीकरण हेतु आगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए बालिका शिक्षा में पिछड़े क्षेत्र की 150 आगनबाड़ी केन्द्रों को ई.सी.सी.ई. केन्द्रों के रूप में विकसित किया गया है। इन केन्द्रों की कार्यकत्रियों की प्रशिक्षित करके विद्यालय में अतिरिक्त समय देने के एवज में अतिरिक्त मानदेय तथा केन्द्रों हेतु शिक्षण सामग्री आदि की व्यवस्था का प्राविधान किया गया है।

तालिका 4.1

वि.ख.का नाम	विण	बेरीनाग	कनालीछीना	गंगोलीहाट	धारचूला	मुनस्यारी	योग
आगनवाड़ी	73	73	72	73	70	50	411
ई.सी.सी.ई.	31	23	24	23	25	24	150

आर10. स्वास्थ्य परीक्षण–

परियोजना के अन्तर्गत जनपद में 6– 14 वय वर्ग के बच्चों का स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रतिवर्ष स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है।

गुणवत्ता संवर्धन–

गुणवत्ता संवर्धन डी.पी.ई.पी. योजना का एक महत्वपूर्ण संघटक है। कुल परियोजना परिव्यय का 70 प्रतिशत गुणवत्ता संवर्धन प्रयासों हेतु व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

क्यू1. ई.सी.ई. केन्द्र–

3– 6 वय वर्ग के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय के लिये तैयार करने के उद्देश्य से जनपद के छः विकास खण्डों 411 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। ये आंगनबाड़ी केन्द्र प्राथमिक शिक्षा की पूर्व तैयारी कराने के साथ– साथ छोटे बच्चों की देखभाल की व्यवस्था भी करते हैं जिसे छोटे बच्चों की देखभाल में संलग्न बालिकाएं विद्यालय में प्रवेश ले सकें। बालिका शिक्षा सबलिकरण हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए परियोजना में समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करने, समेकित बाल विकास विभाग द्वारा प्रदत्त मानदेय के अतिरिक्त डी.पी.ई.पी. से मानदेय, केन्द्रों हेतु सामग्री आदि की व्यवस्था का प्राविधान किया गया है। द्वितीय वर्ष में 104 केन्द्रों का लक्ष्य निर्धारित किया गया। लक्ष्य के अनुरूप प्रस्तावित कार्य सम्पन्न कराये गये। तथा तृतीय वर्ष में 46 ई.सी.सी.ई. केन्द्रों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कुल 150 ई.सी.सी.ई. केन्द्र संचालित किये गये हैं।

क्यू 2. प्रशिक्षण कार्यक्रम–

गुणवत्ता संवर्धन के समस्त प्रयासों में शैक्षिक अभिकर्मियों के सेवारत एवं सेवापूर्व प्रशिक्षण का विशेष स्थान है, इसमें डी.पी.ई.पी. से सम्बन्धित सभी अभिकर्मियों के प्रशिक्षण का प्राविधान परियोजना में प्रस्तावित है।

1. ग्राम शिक्षा समिति, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों का निर्माण केन्द्र प्रशिक्षण–

डी.पी.ई.पी. के अन्तर्गत ए.आर.सी. के अतिरिक्त सभी निर्माण कार्य ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराये जा रहे हैं। निर्माण कार्य की प्रगति सम्बन्धित विकास खण्ड के सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा आर.ई.एस. के अवर अभियंता से प्राप्त की जाती है। इसलिए प्रत्येक विकास खण्ड में सहायक ग्राम शिक्षा समितियों तथा सहायक

बेसिक शिक्षा अधिकारियों का निर्माण सम्बन्धी प्रशिक्षण आर.ई.एस. के सहायक अभियंताओं के निर्देशन में सम्पन्न कराया गया।

2ए. शिक्षा मित्रों का अभिप्रेरण प्रशिक्षण–

वर्ष 2003– 04 में शिक्षा मित्रों का तीस दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण तथा गत व र्ष नियुक्त शिक्षा मित्रों को 15 दिवसीय पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण दिया गया।

2बी. वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों का प्रशिक्षण–

वर्ष 2003– 04 तक खोले गये 109 ई.जी.एस. एवं 18 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के आचार्य/ अनुदेशकों का तीस दिवसीय अभिप्रेरण प्रशिक्षण डायट डीडीहाट में आयोजित किया गया।

3. अध्यापकों का सेवारत प्रशिक्षण–

बच्चों के वर्तमान शैक्षिक स्तर में सुधार हेतु परियोजना में जनपद के समस्त सेवारत प्राथमिक शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण प्रस्तावित किया गया हैं। यह प्रशिक्षण योजनान्तर्गत प्रतिवर्ष बी.आर.सी. स्तर पर दिया जाना है। वर्ष 2001– 02 में प्रशिक्षण हेतु टी.ओ.टी. का चयन एवं प्रशिक्षणोपरान्त कार्यरत शिक्षकों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण 54 फेरों में सम्पन्न किया गया है। वर्ष 2002– 03 में भी एम.टी., टी.ओ.टी. तथा शिक्षकों सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वर्ष 2003– 04 में भी सेवारत प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

5. ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण–

प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम शिक्षा समिति के कार्य एवं दायित्वों का समुदाय की अपेक्षित सहभागिता की समुचित जानकारी एवं जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से जनपद के समस्त ग्राम शिक्षा समितियों का तीन दिवसीय अभिप्रेण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करने के साथ– साथ परिवार सर्वेक्षण, ग्राम स्तरीय सूक्ष्म नियोजन प्रकिया एवं ग्राम शिक्षा योजना निर्माण विषयक जानकारी से परिचित कराया गया। प्रशिक्षणोंपरान्त ग्राम शिक्षा समिति द्वारा उक्त समस्त कार्य सम्पन्न कराये जा चुके हैं। उक्त प्रशिक्षणों का आयोजन कराने के पूर्व बी.आरजी. तथा डी.आर.जी. का पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण डायट में सम्पन्न कराया गया। वर्ष 2003– 04 में जनपद की 321 ग्राम शिक्षा समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है।

7. सन्दर्भ दाता/ बी.आर.सी. समन्वयकों का प्रशिक्षण–

गत वर्ष बी.आर.सी. विकास खण्ड स्तर पर गुणवत्ता संवर्धन हेतु प्रमुख केन्द्र है। डायट में बी.आर.सी. समन्वयकों एवं न्याय पंचायत समन्वयकों का आधारभूत प्रशिक्षण एवं टी.ओ.टी. सम्बन्धी प्रशिक्षण आयोजित किये गये। साथ ही ब्लाक समन्वयकों को शिक्षा मित्र योजना सम्बन्धी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। उक्त के अतिरिक्त ब्लाक

समन्वयकों एवं न्याय पंचायत समन्वयकों को कियात्मक शोध प्रकिया हेतु भी प्रशिक्षित किया गया। वर्ष 2002– 03 में भी डायट में सेवारत शिक्षण प्रशिक्षण हेतु ब्लाक समन्वयकों, संदर्भदाताओं तथा डायट अभिकर्मियों को 10 दिवसीय पाठ्य विषयों के कठिन स्थलों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया।

क्यू3. शिक्षण अधिगम सामग्री–

1. विद्यालय अनुदान–

विद्यालय की साज– सज्जा एवं विद्यालय सौन्दर्यीकरण हेतु जनपद के समस्त विद्यालयों को रू. 2 हजार प्रतिवर्ष उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। लक्ष्य के अनुरूपवर्ष 2000– 01, 2001– 02, 2002– 03तथा 2003– 04 में रू. 2 हजारकी धनराशि विद्यालय के खातों में हस्तानानरित की गयी। ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा विद्यालय की आवश्कता के अनुरूप उक्त धनराशि का समुचित उपयोग किया जा रहा है।

2. टी. एल. एम.–

डी.पी.ई.पी. योजना में विद्यालयों में शिक्षण प्रकिया को सुगम, सरल, रोचक एवं अधिगम प्रभावी बनाने हेतु जनपद की समस्त अध्यापकों की रू. 500 प्रतिवर्ष अध्यापक अनुदान राशि उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। वर्ष 2001– 02 में इस हेतु जनपद में कार्यरत 1729 अध्यापकों को रू. 500 प्रति अध्यापक की दर से उपलब्ध करायी गयी। तथा वर्ष 2002– 03 व वर्ष 2003– 04 में भी कार्यरत अध्यापकों का उक्त धनराशि उपलब्ध करायी गयी। इस वर्ष अध्यापकों ने बच्चों एवं समुदाय के सहयोग से अल्प लागत वाली बहुउद्देशीय शिक्षण अधिगत सामग्री का निर्माण किया, उक्त प्रकिया से छात्र– अध्यापक अन्तरकिया और प्रभावी हो सकेगी। साथ ही सृजन– शीलता एवं अभिव्यक्ति के सुअवसर प्राप्त हो सकेंगे।

3. नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें–

डी.पी.ई.पी. का मुख्य उद्देश्य शिक्षा सम्प्राप्ति में लिंग एवं सामाजिक अपवंचित वर्ग के भेदभाव के बिना समस्त वर्गो में शिक्षा सम्प्राप्ति के दर के अन्तर को 5 प्रतिशत तक लाना है। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति के समस्त बच्चों एवं बालिकाओं को लक्ष्य समूह माना गया है। इसिलिए अनु. जाति, अनु. जनजाति के बालकों तथा समस्त वर्ग की बालिकाओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करायी जा रही हैं।

4. बुक बैंक–

डी.पी.ई.पी. योजनान्तर्गत जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में बुक बैंक की स्थापना किये जाने का प्राविधान है। वर्ष 2000– 01 में डी.पी.ई.पी. द्वारा उपलब्ध करायी गयी निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों में से प्रत्येक विद्यालय में बुक बैंक स्थापित किया गया। उक्त बुक बैंक में निर्धन वर्ग के बच्चों एवं शिक्षकों की पहुंच, ठहराव एवं गुणवत्ता उन्नयन में सहायक सिद्ध हो सकेगा।

गुणवत्ता संवर्धन हेतु वर्ष 2000– 01 से वर्ष 2003– 04तक आयोजित कियाकलापों को प्रगति को एक दृष्टि में निम्नवत प्रदर्शित किया जा सकता है:–

गुणवत्ता संवर्धन प्रगति– परिदृष्य–

श्रेणी	क्रिया कलाप
क्यू1	150 ई.सी.सी.ई. केन्द्रों की स्थापना
1	आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों का आधारभूत एवं अनावर्ती प्रशिक्षण
क्यू2	प्रशिक्षण कार्यकम
1	ग्राम शिक्षा समितियों/ सहायक बे.शि.अ. का निर्माण कार्य का प्रशिक्षण
2	पैराटीचर्स का अभिप्रेरण प्रशिक्षण
3	ग्राम शिक्षा समितियों का पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण
4	ब्लाक समन्वयक/ न्याय पंचायत समन्वयकों का प्रशिक्षण
5	सेवारत अध्यापकों का प्रशिक्षण
6	विजनिंग कार्यशाला
क्यू3	शिक्षण अधिगत सामग्री
1	विद्यालय साज– सज्जा निधि 02 हजार प्रति विद्यालय
2	निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, अनु. जाति. अनु. जनजाति, के छात्र एवं समस्त बालिकाएं
3	टी.एल.एम./ टी.एल.ए.– 500 प्रति अध्यापक

सी. दक्षता विकास–

सी. 1 विद्यालय मानचित्र एवं सूक्ष्म नियोजन–

जनपद में चलाई जा रही डी.पी.ई.पी. योजना का एक प्रमुख लक्ष्य समुदाय की सहभागिता से ग्राम स्तरीय शैक्षिक योजनाओं का निर्माण भी है ताकि योजनायें आवश्यकता आधारित एवं स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप बनाई जा सके। अर्थात योजना निर्माण निचले स्तर से ऊपर की ओर हो। गत वर्ष 2000– 01 एवं 2001– 02 में जनपद की 651 ग्राम शिक्षा समितियों का अभिप्रेरण शिविर आयोजित कर सामुदायिक सहभागिता हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षणोंपरान्त सूक्ष्म नियोजन एवं

विद्यालय मानचित्रण का कार्य किया गया। वर्ष 2003– 04 में भी ग्राम शिक्षा समितियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सी2. डायट का सुदृढ़ीकरण–

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रत्येक जनपद में शैक्षिक नेतृत्व प्रदान करने के लक्ष्य से स्थापित किये गये। डायट सेवा पूर्व प्रशिक्षण सेवारत प्रशिक्षण,पाठ्यकम निर्माण एवं मूल्यांकन शैक्षिक तकनीकी विकास, कार्यानुभव जनपदीय शैक्षिक संसाधनों का उपयोग, प्रबन्ध नियोजन हेतु सतत् कियाशील ईकाई है। संसाधनों की सिमित क्षमता एवं वित्तीय कमियों के कारण डायट अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग नहीं कर पा रहें हैं। डी.पी.ई.पी. द्वारा डायट के सुदृढ़ीकरण की दिशा में सहयोग प्रदान किया गया। ताकि जनपद का शैक्षिक संस्थान पहुंच, नामांकन धारण व अपेक्षित उपलब्धि स्तर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। डायट हेतु विभिन्न प्रकार के शैक्षिक संसाधन एवं वित्तीय सहायता प्रदत्त की गयी।

सी3. विकास खण्ड संसाधन केन्द्र–

डी.पी.ई.पी. के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के अनुरूप विकास खण्ड स्तर पर शैक्षिक गतिविधियों के निर्देशन हेतु ब्लाक संसाधन केन्द्रों की स्थापना की गयी। जनपद के आठ विकास खण्डों में से 7 विकास खण्ड संसाधन केन्द्रों के भवनों का निर्माण किया जाना है। विकास खण्ड डीडीहाट में डायट स्थित होने के कारण डायट में ही ब्लाक संसाधन केन्द्र के अभिकर्मी अपने कियाकलाप सम्पादित करेंगे। उक्त 7 ब्लाक संसाधन केन्द्रों के भवन निर्माण कार्य की प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। उक्त कार्य अल्मोड़ा जलनिगम की शाखा द्वारा किया गया है। निर्मित भवन हस्तानानरित होते ही समस्त ब्लाक संसाधन केन्द्रों के द्वारा अपने कार्यालय नवनिर्मित भवन में स्थापित कर लिये गये हैं। उक्त भवन में सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी जो परियोजना के नामित ब्लाक परियोजना अधिकारी हैं। तथा एक ब्लाक समन्वयक, दो सहसमन्वयक अपने कार्य एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

सी4. जिला परियोजना कार्यालय–

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम के लक्ष्य एवं उद्देश्यों की प्राप्ति की दिशा में जनपद स्तर पर जिला परियोजना कार्यालय की स्थापना की गयी। जनपद पिथौरागढ़ का परियोजना कार्यालय सरकारी भवन में स्थित हैं। आवश्यक उपकरण एवं साज–सज्जा की आपूर्ति कर दी गयी है। कार्यालय में विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, 04 जिला समन्वयक 01 सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी, 01 लेखाकार, 01 शिविर

सहायक, 01 टंकक व 01 परिचारक वर्तमान में कार्यरत हैं। कार्यालय में एम.आई. एस. प्रकोष्ठ भी स्थापित किया जा चुका है।

सी5. न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र–

शिक्षा व्यवस्था के विकेन्द्रीकरण का प्रयास डी.पी.ई.पी. का एक नवाचारयुक्त कदम है। इस दिशा में न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र एक ईकाई के रूप में स्थापित की गयी है। जनपद में कुल 64 न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र हैं। सभी 64 न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र के भवनों का निर्माण वर्ष 2002– 03 तक पूर्ण कर लिया गया है।

6. समेकित शिक्षा–

जनपद में संचालित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम का मुख्य लक्ष्य शिक्षा का सार्वजनिकरण (यू.ई.ई.) है। सार्वजनीकरण की दिशा में विशेष आवश्कता वाले बच्चों की शिक्षा पर गम्भीरता पूर्वक ध्यान दिया गया है। इस हेतु समेकित शिक्षा को अपनाया गया है। इसमें समस्त शारिरिक, मानसिक, संवेगात्मक व अन्य रूप से अक्षम बच्चों के समुचित शैक्षिक विकास हेतु अतिरिक्त रूप से ध्यान दिया गया है। इस हेतु संसाधन के रूप में चार व्यक्तियों का संदर्भ समूह गठित किया गया है। विकास खण्ड विण, मूनाकोट एवं गंगोलीहाट के विशेष आवश्यकता वाले (विकलांग) बच्चों का परामर्शी शिविर आयोजित किया गया।

अध्याय– 3
संशोधित पर्सपैक्टिव कार्ययोजना एवं बजट

जनपद– पिथौरागढ़ में संचालित जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम वर्ष अप्रैल 2000 से सितम्बर 2005 तक क्रियान्वित किया जाना प्रस्तावित है। जनपद में पहुँच, छात्र नामांकन, ठहराव तथा शैक्षिक सम्प्राप्ति के स्तर में सुधार हेतु डी.पी.ई.पी. III; प्राथमिक शिक्षा में एक अतिरिक्त बाह्य सहायता है। इस आशा और प्रत्याशा के साथ उक्त कार्यक्रम को जनपद में अपनाया गया कि प्राथमिक शिक्षा में हो रहे ह्रास– अवरोध को रोका जा सकेगा साथ ही प्राथमिक शिक्षा में बेहतर गुणवत्ता का प्रदर्शन हो सकेगा।

विगत चार वर्षो में किये गये विविध किया कलापों/ हस्तक्षेप के उपरान्त भी अपेक्षित लक्ष्य तक पहुंचने में कुछ कठिनाईयां/ बाधाएं बनी रहीं। उक्त हेतु कतिपय सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, भौगोलिक एवं अन्य कारणों से कार्य नियत अवधि में पूर्ण नहीं किये जा सके। तथा कुछ अतिरिक्त किया कलाप करने की आवश्यकता महहसूस हुई। जिस कारण पर्सपेक्टिव प्लान में संशोधन/ परिवर्तन की आवश्कता पड़ी।

अतः संशोधित/ परिवर्तित पर्सपेक्टिव प्लान का स्वरूप निम्नवत है–

ए.

1. अतिरिक्त कक्षा कक्ष–

पर्सपैक्टिव प्लान में 59 अतिरिक्त कक्षा– कक्ष हेतु रू. 1652 हजार का प्रस्ताव किया गया था जो लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कर लिये गये हैं।

2. नवीन विद्यालय स्थापना निर्माण–

पर्सपैक्टिव प्लान में 38 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना/ निर्माण हेतु रू. 2903.2 हजार का प्रस्ताव किया गया था। जो लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कर लिये गये हैं।

ए.

2. शिक्षा मित्रों का मानदेय–

पर्सपैक्टिव प्लान के अनुसार स्थापित 38 नवीन प्राथमिक विद्यालयों के लिये 38 शिक्षा मित्रों का मानदेय रू. 4588.8 हजार प्रस्तावित किया गया था परन्तु परियोजना के प्रथम वर्ष में शिक्षा मित्रों का चयन एवं प्रशिक्षण विलम्ब से होने के कारण अभी तक रू. 1372.975 हजार ही व्यय किया जा सका है तथा वर्ष 2004– 05 के 11 माह तथा वर्ष 05 सितम्बर तक के पाँच माह का मानदेय रू. 3 हजार प्रति माह की दर से कुल रू. 1824 हजार का प्राविधान किया गया है। इस प्रकार सम्पूर्ण परियोजना काल में इस मद में रू. 3196.975 हजार का व्यय प्रस्तावित है।

ब. प्रधानाध्यापकों का अतिरिक्त वेतन–

परियोजना में नव स्थापित 38 प्राथमिक विद्यालयों में 38 प्रधानाध्यापकों के पद स्थापन/ पदोन्नति के फलस्वरूप उनके वेतन अन्तराल के बराबर की धनराशि का प्राविधान परियोजना द्वारा किया गया। जो वर्ष 2003– 04 तक रू. 382 हजार तथा 2004– 04 तक रू. 342 हजार प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 7.24 हजार का प्राविधान संशोधन पर्सपैक्टिव प्लान में किया गया है।

3. फर्नीनीचर/ फिक्चर/ इक्विपमैंन्ट–

परियोजना के अन्तर्गत स्थापित 38 नवीन प्राथमिक विद्यालयों के साज– सज्जा/ काष्ठोपकरणों आदि हेतु रू. 15 हजार की दर से रू. 570 हजार का प्राविधान किया गया है। परन्तु रू. 10 हजार की दर से कुल रू. 380 हजार ही व्यय किया जा सका; अतः संसोधित योजना में इस मद में रू. 380 हजार का ही प्राविधान किया गया है।

ए3. वैकल्पिक शिक्षा–

वैकल्पिक शिक्षां व्यवस्था के अन्तर्गत पर्सपैक्टिव प्लान में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र तथा शिक्षा गारण्टी योजना को सम्मिलित करते हुए कार्य योजना बनाई गयी थी, परन्तु बाद में ए.एस. एवं ई.जी.एस. को पृथक– पृथक करते हुए वार्षिक कार्य योजना बनाई गयी जो निम्नवत है–

ए3.(ए). ए.एस.–

ए3. (I) अनुदेशक मानदेय–

मानदेय मद में रू. 3578.4 हजार का प्राविधान किया गया था परन्तु इस मद में रू. 416 हजार ही व्यय हुआ तथा शेष परियोजना अवधि के लिए रू. 304 हजार का प्राविधान करते हुए संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान रू. 720 हजार ही रखा गया है।

(II) शिक्षण सामग्री–

इस मद में रू. 994 हजार रखा गया था परन्तु संचालित 18 केन्द्रों की शिक्षण सामग्री में रू. 2.35 हजार प्रति केन्द्र की दर से रू. 42.3 हजार ही व्यय किया जा सका। अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 42.3 हजार का ही प्राविधान किया गया है।

(III) निःशुल्क पाठ्य पुस्तक–

इस मद में कुल रू. 590.7 हजार का प्राविधान किया गया था परन्तु केवल एक वर्ष ही पाठ्य पुस्तकें कय की गई जिसमें रू. 19 हजार खर्च किया गया। शेष वर्षों में उपलब्ध निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों में से ही ए.एस. केन्द्रों में अध्ययनरत छात्रों को पुस्तकें वितरित की गयी। परियोजना के शेष अवधि के लिए रू. 38 हजार का प्राविधान करते हुए संसोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 57 हजार का प्राविधान किया गया है।

(IV) प्रशिक्षण–

(ए). आधारभूत प्रशिक्षण–

इस मद में कुल रू. 321.3 हजार का प्राविधान किया गया था। परन्तु इस मद में

रू. 11.25 हजार ही व्यय किया जा सका। संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 11.25 हजार ही रखा गया है।

(III) नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक–

पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण मद में रू. 588 हजार का प्राविधान किया गया था परन्तु इस मद में रू. 10 हजार ही व्यय किया जा सका। तथा आगामी वर्ष हेतु 19 हजार के प्राविधान के साथ संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 29 हजार रखा गया है।

(V) अतिरिक्त व्यय–

इस मद में कोई प्रा वधान न होने से धनराशि की व्यवस्था नही की गयी थी। परन्तु केन्द्रों की आवश्कताओं के अनुरूप सामग्री एवं सहायक शिक्षण सामग्री कय करने हेतु रू. 0.5 हजार की दर से कुल रू. 15.5 हजार व्यय किया जा चुका है एवं आगामी वर्षो के लिए रू. 19 हजार का प्राविधान करते हुए संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 34.5 हजार रखा गया है।

ए3 (बी). ई.जी.एस.–

(I) मानदेय–

इस मद में अभी रू. 2283 हजार व्यय किया जा चुका है तथा आगामी वर्षो में रू. 2044 हजार के प्रा वधान के साथ संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में कुल रू. 4327 हजार का प्राविधान किया गया है। जब कि पूर्व में ए.एस. के अन्तर्गत ही इसकी व्यवथा की गयी थी।

(II) शिक्षण सामग्री–

इस मद में रू. 273.8 हजार व्यय किया चुका है। जबकि बजट में ए.एस. के अन्तर्गत ही इस धनराशि का समावेश किया गया था। शेष परियोजना अवधि के लिए रू. 4.7 हजार के प्रावधान के साथ संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 300.8 हजार का प्रावधान किया गया है।

(III) पाठ्य पुस्तकें–

पूर्व में इस मद की धनराशि भी ए.एस. पाठ्य पुस्तकों को मद में प्रावधान किया गया था। अभी तक रू. 126.881 हजार खर्च करते हुए रू. 394.831 हजार का प्रावधान संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में किया गया है।

(ए) आधारभूत प्रशिक्षण–

इस मद में अभी तक रू. 195.631 हजार व्यय करने के साथ अगामी वर्षो के लिए रू. 45 हजार की व्यवस्था सुनिश्चित कर कुल रू. 240.631 हजार का प्रावधान संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में किया गया है जबकि पूर्व में ई.जी.एस. केन्द्रों में कार्यरत आचार्य जी के आधारभूत प्रशिक्षण का प्रावधान वैकल्पिक शिक्षा के अन्तर्गत किया गया था।

(बी) पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण–

इस मद में रू. 51 हजार के व्यय के साथ आगामी वर्ष के लिए रू. 114 हजार के प्रावधान के साथ कुल रू. 165 हजार का प्रावधान संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में किया गया है जबकि पूर्व मे इस मद में पृथक से कोई धनराशि की व्यवस्था नही की गयी थी।

(V) आकस्मिक व्यय –

इस मद में पूर्व में कोई प्रावधान न होने से बजट में धनराशि की व्यवस्था नही की गयी थी परन्तु केन्द्रों में शिक्षण सामग्री की आवश्कता के अनुरूप रू. 94.5 हजार व्यय किया गया। आगामी वर्ष हेतु इस मद में रू. 124 हजार के साथ कुल रू. 218.5 हजार का संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में प्रावधान किया गया है।

इस प्रकार ए.एस. एवं ई.जी.एस. के अन्तर्गत पूर्व में रू. 7757.4 हजार का प्रावधान किया गया था। परन्तु अब संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 6540.81 हजार ही प्रावधान किया गया है।

ए4. जिला कार्यक्रम समन्वयक का वेतन–

आगामी वर्षों (परियोजना की शेष अवधि) के लिए कार्यक्रम जिला समन्वयक के वेतन आदि मद में रू. 336 हजार का प्रावधान किया गया है।

इस प्रकार सम्पूर्ण पहुँच कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत जहाँ पूर्व में रू. 19808.6 हजार का प्रावधान किया गया था अब रू. 15732.987 हजार का ही प्रावधान संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में किया जा रहा है।

आर (ठहराव)–

1. प्रचार प्रसार–

इस मद में रू. 702 हजार का प्रावधान किया गया था। परन्तु जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयं सेवी संस्थाओं, पत्रकारों एवं समुदाय से प्राप्त सहयोग के कारण इस मद में केवल रू. 66.3 हजार ही व्यय हो पाया है। अतः संशोधित कार्ययोजना में रू. 66.3 हजार का ही प्रावधान किया गया है।

2. ध्वस्त भवनों का पुनर्निमाण–

परियोजना में 55 ध्वस्त प्राथमिक विद्यालयों के पुनर्निमाण हेतु रू. 4202 हजार का प्रावधान किया गया था। यह कार्य लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण किया जा चुका है।

जनपद में वर्ष 98– 99 से संचालित 67 प्रा.वि. के भवन निर्माण की धनराशि उपलब्ध न होने के कारण इन विद्यालयों के भवन निर्माण नही हो पाये। जिस कारण छात्रों की पहुंच, ठहराव, प्रभावित होने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता में भी प्रतिकूल प्रभाव को रोकने की दृष्टि से वर्ष 2002– 03 की कार्ययोजना में इन विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति के फलस्वरूप निर्माण कार्य पर रू. 5118.8 हजार का व्यय किया गया। इस प्रकार संशोधित कार्ययोजना में 122 भवनों के निर्माण हेतु कुल रू. 9320.8 हजार का प्रावधान किया गया है।

3. शौचालय–

सम्पूर्ण परियोजना अवधि में 600 शौचालय निर्माण हेतु रू. 6000 का प्रावधान किया गया था। जिसे लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कर प्राप्त कर लिया है।

अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 6000 हजार का ही प्रावधान किया गया है।

4. पेयजल–

सम्पूर्ण परियोजना की अवधि में 250 विद्यालयों में पेयजल हेतु 5500 हजार का प्रावधान किया गया था। निर्माण कार्य पूर्ण कर लक्ष्य की प्राप्ति की जा चुकी है।

अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 5500 हजार का प्रावधान ही किया गया है।

5. विद्यालय भवन मरम्मत–

योजना के अन्तर्गत 60 विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए रू. 1200 का प्रावधान किया गया था। लक्ष्य के अनुरूप मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 1200 हजार का प्रावधान किया गया है।

6. अतिरिक्त शिक्षा मित्रों का मानदेय–

105 अतिरिक्त शिक्षा मित्रों के मानदेय मद में रू. 2111.9 हजार का ही प्रावधान किया गया था। परन्तु मानदेय में वृद्धि के फलस्वरूप रू. 7021.51 हजार अभी तक कार्य करने के अतिरिक्त आगामी वर्ष के लिए रू. 5040 हजार के प्रावधान के साथ संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान 12061.51 हजार का प्रावधान किया गया है।

7. बालिका शिक्षा–

(I) मीना कम्पेन–

इस मद में रू. 200 हजार का प्रावधान किया गया था। परन्तु 236.4 हजार व्यय होने के फलस्वरूप संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 236.4 हजार का प्रावधान किया गया।

(III) माँ बेटी मेला–

इस मद में पूर्व में धनराशि की व्यस्था नही की गयी थी परन्तु आवश्कता के अनुरूप रू. 38 हजार व्यय किया गया। अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 38 हजार का प्रावधान किया गया।

(IV) वी.ई.सी. कार्यशाला–

इस मद में भी पूर्व में कोई प्रावधान नही किया गया था। परन्तु आवश्कतानुसार उस पर कार्य कराये जाने पर रू. 74 हजार व्यय किया गया। अतः संशाधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 74 हजार का प्रावधान किया गया है।

(V) क्लैस्टर मूवीलाइजेसन–

इस मद में भी पूर्व में कोई कार्यकम प्रस्तावित न होने के कारण धनराशि की

की व्यस्था नही की गयी। परन्तु आवश्कता के अनुरूप इसमें रू. 74 हजार व्यय किया गया। अतः संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 74 हजार का प्रावधान किया गया है।

(VI) निर्वाचित महिलाओं का प्रशिक्षण–

इस मद में रू. 585 हजार का प्रावधान किया गया था। परन्तु रू. 135 हजार ही व्यय होने फलस्वरूप संशोधित पर्सपैक्टिव प्लान में रू. 135 हजार का प्रावधान किया गया है।

(VII) एम.टी.ए./ पी.टी.ए. प्रशिक्षण–

